न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त बीकानेर
पीठासीन अधिकारी ओ.पी.बिश्नोई, आर.ए.एस
अपील संख्या 05/2024 एल आर एक्ट (GCMS No 2024/ 10)
अनवान सोहनसिंह बनाम जगदेवसिंह वगैरह
अपील विरूद्व आदेश– तहसीलदार (भू.अ.) रायसिंहनगर, दिनांक 23.06.2011

.तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियन्स जज	नम्बर व तारीख अहकाल जो इस हुक्त की तामील में जारी हुऐ
05.03.2024	पत्रावली प्रस्तुत हुई। अभिभाषक अपीलान्ट अनुपस्थित। अपीलान्ट सोहनसिह स्वय अनुपस्थित। प्रकरण वर्ष 2012 से विचाराधीन चल रहा है, जिसमें अभिभाषक अपीलांट को रेस्पोडेंट संख्या 1 के निमित नोटिस पेश करने हेतु पाबन्द किये जाने के बावजूद भी अभिभाषक अपीलान्ट द्वारा आज तारीख पेशी तक नोटिस पेश नही किये गये है। अभिभाषक अपीलांट एवं अपीलान्ट को रूक– रूक कर आवाज लगवाई गई बावजूद आवाज के वे न तो स्वय उपस्थित आये और न ही उनकी ओर से कोई वेधानिक प्रतिनिधी उपस्थित आये। इस प्रकार अभिभाषक अपीलान्ट की एवं स्वय अपीलान्ट की अकारण बिना किसी आधार के अनुपस्थिती उनके न्याय चाहने की तत्परता व कोशिश के अभाव को सिद्व करती है व स्वेच्छा अनुपस्थिती मामला चलाने मे अरूचि जाहिर करती है। अतः यह पत्रावली अदम हाजरी, अदम पैरवी में खारिज की जाती है। पत्रावली नम्बर से कम हो। आदेश की प्रमाणित प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रिकॉर्ड लौटाया जावे। पत्रावली बाद तरतीब,तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश खुले न्यायालय मे सुनाया गया। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त बीकानेर	